एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

फराह की फिल्म में रितिक-अनुष्का की जोड़ी

कुछ महीने पहले ऐसी खबरें आई थीं, जिनमें कहा गया कि फराह खान एक फिल्म प्लान कर रही हैं, जिसमें वह रितिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनुष्का शर्मा को लेना चाहती हैं। उस वक्त कास्टिंग को लेकर कुछ भी कन्फर्म नहीं किया गया था। लेकिन अब खबर आ रही है कि फराह ने अपनी फिल्म के लिए रितिक और अनुष्का को साइन कर लिया है।

रिपोर्ट ने बताया कि फिल्म के लिए रितिक रोशन और अनुष्का शर्मा को साइन कर लिया गया है। फिल्म की शूटिंग 2020 की शुरुआत में होगी, जबकि इसे 2021 में रिलीज किया जाएगा।

खास बात यह है कि इस फिल्म से रोहित शेट्टी का नाम भी जुड़ा है, जो लगातार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं। फराह इस फिल्म को डायरेक्ट करेंगी, जबकि रोहत शेट्टी प्रड्यूस करेंगे। हालांकि अभी फिल्म का नाम फाइनल नहीं किया गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि यह साल 1982 में आई हिट फिल्म सत्ते पे सत्ता का रीमेक होगी। अब असल में ऐसा है भी या नहीं, यह तो आने वाले वक्त में पता चल ही जाएगा।

बात करें रितिक और अनुष्का की फिल्मों की, तो जहां हाल ही में रिलीज हुई रितिक स्टारर वॉर बॉक्स ऑफिस पर धमाल कमाई कर रही है, वहीं अनुष्का पिछले साल आई फिल्म जीरो में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके अलावा कटरीना कैफ और शाहरुख खान थे। उस फिल्म के बाद से अनुष्का ने अभी तक कोई फिल्म साइन नहीं की है। अगर अनुष्का ने फराह की फिल्म के लिए हामी भरी है, तो फिर इसके जरिए एक साल बाद वह बिग स्क्रीन पर दिखाई देंगी।

पर्दे पर किस क्यों नहीं करती हैं तमन्ना भाटिया

तमन्ना भाटिया तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपने बेहतरीन परफॉर्मेंस से अपनी पहचान बना चुकी हैं। उनके ऐक्टिंग डेब्यू से कई चीजें बदल चुकी हैं लेकिन तमन्ना ने शुरुआत से ही अपना नो-किसिंग रूल बरकरार रखा है।

जब उनसे पूछा गया कि इस नियम में कोई बदलाव हुआ तो वह बताती हैं, मैं ऑनस्क्रीन कभी किस नहीं करती, ऐसा मैं तबसे ही कर रही हूं जबसे काम करना शुरू किया है।

वह बताती हैं कि जब वह 13 साल की थीं तबसे काम कर रही हैं और उन्होंने कुछ चीजें तय कर ली थीं जिनमें से किस न करना एक था इस पर वह अभी डटी हुई हैं। तमन्ना के पास कई फिल्में हैं जिनमें बोले चूड़ियां काफी चर्चा में है, इसमें उनके को-स्टार नवाज्जुदीन सिद्धीकी हैं। पहले इस फिल्म में मौनी रॉय थीं। जब पूछा गया कि क्या उन्हे कंपेरिजन का डर है? इस पर उन्होंने बताया कि पहले क्या होने वाला था इसकी उन्हें कोई फिक्र नहीं है।

वहीं नवाज्जुदीन सिद्धीकी के साथ काम करने पर तमन्ना कहती हैं, नवाज के साथ काम करके मुझे बहुत मजा आया क्योंकि नवाज का बतौर ऐक्टर मैं बहुत सम्मान करती हूं।

'द फैमिली मैन' के दूसरे सीजन में नेगेटिव रोल में नजर आएंगी सामंथा अक्किनेनी!

साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री की सुपरस्टार नागार्जुन की बहू और मशहूर एक्ट्रेस सामंथा अक्किनेनी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सामंथा हाल ही में रिलीज हुई अमेजन प्राइम की स्पाई एक्शन ड्रामा वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के दूसरे सीजन में एक नेगेटिव रोल करती नजर आएंगी। सूत्र के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में लिखा गया है कि सामंथा को 'द फैमिली मैन' के दूसरे सीजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है। सूत्र के अनुसार, सामंथा अब ग्लैमरस रोल्स को छोड़कर नए प्रयोग कर रही हैं। उन्हें राज और डीके द्वारा ऑफर किया गया नेगेटिव रोल काफी दिलचस्प लगा और वह उसे निभाने के लिए रोमांचित हैं। उन्होंने अभी डील साइन नहीं की है, लेकिन उम्मीद है कि औपचारिकताएं जल्द पूरी कर ली जाएंगी। 'द फैमिली मैन' को डीटूआर फिल्म्स के संस्थापक राज और डीके ने बनाया है। सीरीज में मनोज बाजपेयी एक मिडिल क्लास व्यक्ति की भूमिका में हैं, जो गुप्त रूप से राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीएएससी ब्रांच के लिए काम करता है। सीरीज को क्रिटिक्स ने काफी सराहा है। सामंथा तेलुगू फिल्मों की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में से एक हैं। सामंथा को उनके स्टाइल स्टेटमेंट के लिए भी जाना जाता है। अक्सर सोशल साइट्स पर अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं।